संख्या:-83/2023/001-147आ0-23-5-23-02भवन-2022

प्रेषक,

कामता प्रसाद सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-5 **लखनऊ : दिनांक : 30 मार्च, 2023**

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-55(राजस्वलेखा) के अन्तर्गत अनुरक्षण एवं वचनबद्ध व्ययों हेतु प्राविधानित बजट की धनराशि के सापेक्ष प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ के निवर्तन पर रखा जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-1639बीजीबी/112बीजीबी/जरनल/2022-23, दिनांक 23.03.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-55(राजस्वलेखा) के लेखाशीर्षक 2059-80-053-06-00-29 "सर्किट हाउस, निरीक्षण भवन एवं कार्यालय भवनों का अनुरक्षण-सामान्य एवं विशेष मरम्मत" एवं 2216-01-700-05-29 "आवासीय भवनों का अनुरक्षण-सामान्य एवं विशेष मरम्मत" के अन्तर्गत अनुरक्षण एवं वचनबद्ध व्ययों हेतु शासनादेश सं0-17/2022/001-263-23-5-22-02(भवन)-2022, दिनांक 29.04.2022, शासनादेश सं0-40/2022/001-91आ0-23-5-22-02(भवन)-2022, दिनांक 04.08.2022 एवं शासनादेश सं0-02/2023/001-224आ0-23-5-22-02(भवन)-2022, दिनांक 05.01.2023 द्वारा पूर्व में प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ के निवर्तन पर रखी गयी धनराशि के क्रम में रू0 1088.00 लाख(रू0 दस करोड़ अट्ठासी लाख मात्र) की धनराशि को प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल निम्नवत विवरण एवं शर्त के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

अनुदान सं0-55 लोक निर्माण कार्य के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष के निवर्तन पर रखी जाने वाली प्रस्तावित धनराशि का विवरण -

क्र0 सं0	मद का नाम	कार्य का नाम	मूल बजट	चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में निवर्तन पर पूर्व में रखी गयी धनराशि	वर्तमान में आय-व्ययक में शासन स्तर पर उपलब्ध/अवशेष धनराशि	निवर्तन पर रखे जाने हेतु निर्गत की जा रही धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
			(धनराशि लाख रू0 में)			
राजस्व लेखा :						
1	2059	लोक निर्माण कार्य (अनावासीय भवन)				
	80	सामान्य				
	053	रख-रखाव एवं मरम्मत				
	06	सर्किट हाउस, निरीक्षण भवन तथा कार्यालय भवनों का अनुरक्षण-सामान्य एवं विशेष मरम्मत।				
	29	अनुरक्षण	4000.00	1600.00	1331.00	370.00
2	2216	लोक निर्माण विभाग (आवासीय)				
	01	सरकारी रिहायशी भवन				
	700	अन्य आवास				
	05	सामान्य एवं विशेष मरम्मत				

http://shasanadesh.up.gov.in

	29	अनुरक्षण	7500.00	3000.00	1658.00	718.00
महायोग (2059 + 2216) :			**11500.00**	**4600.00**	**2989.00**	**1088.00**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि का विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार तथा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति, विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(2) व्यवस्थित धनराशि के सापेक्ष आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका से सम्बन्धित नियमों, स्थायी आदेशों एवं वित्त(आय-व्ययक) अनु0-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दि0 07.06.2022 में उल्लिखित समस्त शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करते हुए केवल स्वीकृत मदों के अन्तर्गत किया जायेगा तथा किसी भी दशा में इसका उपयोग अन्य मदों के अन्तर्गत नहीं किया जायेगा।

(3) निवर्तन पर रखी गयी धनराशि के व्यय करने से पूर्व सक्षम स्तर का अनुमोदन अवश्य प्राप्त किया जाये एवं व्यय की स्थिति से शासन को भी अवगत कराया जाये।

(4) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्त-पुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 3,70,00,000(रुपये तीन करोड़ सत्तर लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 055 **लेखा शीर्षक** 2059800530600 सर्किट हाऊस निरीक्षण भवन एवं कार्यालय भवनों का अनुरक्षण, -सामान्य एवं विशेष मरम्मत **मानक मद** 29 अनुरक्षण (2) रुपये 7,18,00,000 (रुपये सात करोड़ अट्ठारह लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 055 **लेखा शीर्षक** 2216017000500 सामान्य एवं विशेष मरम्मत- **मानक मद** 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
कामता प्रसाद सिंह
विशेष सचिव।

संख्या-83/2023/001-147आ0-23-5-2023, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
4- नोडल अधिकारी(बजट), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
5- मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0, लखनऊ।
6- समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ।

..../03..

http://shasanadesh.up.gov.in

7- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
8- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
9- वित्त(व्यय नियंत्रक) अनुभाग-8/लो0नि0अनु0-10
10- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 व 2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

http://:shasanadesh.up.gov.in